# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{09 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{28 फरवरी, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 100**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 59 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 14 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग -- | 100 |

पुल की मरम्मती

*105. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित के0 आर0 उच्च विद्यालय के गेट के सामने पुराना पुल जर्जर हो गया है एवं पुल की मरम्मती कार्य निर्माण के बाद एक बार भी नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*106. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में छाजन कोठी पुल के मुख्य पथ से दुर्गा स्थान थतियाँ होते हुये बलौर मुख्य पथ तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*107. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड मुख्यालय स्थित पश्चिमी कोसी नहर अवर प्रमंडल, लौकही परिसर में स्थित सरकारी आवासों में अनधिकृत रूप से अवैध लोग आवासित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अवर प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी कोसी नहर, अवर प्रमंडल, लौकही के पत्रांक 37, दिनांक 11 जुलाई, 2017 के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, फुलपरास को सरकारी आवास को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया परन्तु अभीतक मुक्त नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी आवासों को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है ?

-------

सड़क का पुनः निर्माण

*108. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के पंचायत नियाजीपुर अन्तर्गत बाँध (बिहार का उ0प्र0 का बॉर्डर) से सुन्दरपुर मोड़ तक सड़क की लम्बाई 3.00 कि0मी0 है जिसका निर्माण वर्ष 2016-17 में हुआ था किन्तु एक साल भी नहीं हुआ है और सड़क का 25 प्रतिशत भाग टूटने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई कर सड़क का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विभाग का हस्तांतरण

*109. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, पचीरा का निर्माण कार्य वर्ष 2014-15 में प्रारंभ हुआ था जो बनकर एक साल से तैयार है लेकिन स्वास्थ्य विभाग को अबतक हस्तांतरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन को स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राक्कलन की स्वीकृति देना

*110. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया प्रखंड के बोध गया के धर्मारण्य के पास मुहाने नदी पर 21 x 21.00 मीटर आकार का पुल निर्माण हेतु 22.37 करोड़ का प्राक्कलन बनाकर प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना के पत्रांक 103 (अनु0), दिनांक 30 जनवरी, 2014 एवं पत्रांक 447 (अनु0), दिनांक 29 जुलाई, 2016 द्वारा अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, पटना को भेजा गया है लेकिन आजतक उक्त प्राक्कलित राशि की स्वीकृति नहीं मिलने से पुल का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राक्कलन की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का चौड़ीकरण

*111. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा पथ प्रमंडल अन्तर्गत हराही पोखर शास्त्री चौक से लॉ कॉलेज होते हुये हुन्डई शो रूम तक एवं शिवधारा चौक से हरपुर होते हुये मोहम्मदपुर तक सड़क की चौड़ाई मात्र 10 फीट है जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*112. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के चाँदी पंचायत में रानीपतरा चौक से राय टोला होते हुये चाँदी-कठुवा मुख्य नहर तक की सड़क जर्जर है जबकि उक्त सड़क रेलवे स्टेशन तक जाने के साथ-साथ दर्जन भर टोला के नागरिकों के लिये आवागमन का एकमात्र साधन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*113. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के लालगंज पंचायत में मुसहरी घाट पर पुल नहीं रहने से दर्जनों गाँवों के निवासियों को 15 कि0मी0 लम्बी दूरी तयकर नाव के सहारे रानीपतरा एवं हरदा बाजार आना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मुसहरी घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*114. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड के चेनारी-मल्हीपुर पथ के मिशन स्कूल से होकर कैमूर जिला के अभौंव गाँव के सामने दुर्गावती नदी में बने पुल तक पहुँच पथ नहीं है जिससे कैमूर एवं रोहतास जिला के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का पक्का सड़क मार्ग बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*115. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत तेतरिया-कोइरीडीह रोड के सातवें कि0मी0 में लो लेबल काउजवे है जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त काउजवे पर बरसात में पानी ओभर टॉप करती है जिससे यातायात बाधित हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त काउजवे पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई

*116. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत चम्पारण तटबंध के 35.2 से 51 किलो मीटर तक 341 व्यक्तियों द्वारा तटबंध की भूमि का अतिक्रमण किया गया है जिसकी सूची अवर प्रमंडल पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण, अवर प्रमंडल संख्या-1, बेतिया ने अंचलाधिकारी, बैरिया को अपने पत्रांक 88, दिनांक 11 सितम्बर, 2017 द्वारा सौंपी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध अतिक्रमण के कारण तटबंध में छिद्र व कमजोर होने की स्थिति में बरसात के समय टूटने का खतरा बना हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्य सरकार चम्पारण तटबंध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ड्रेनेज की मरम्मती

*117. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत जल निस्सरण प्रमंडल, कोपरिया के अधीन हरैली धार ड्रेनेज अजगरा बहिया, गोपालपुर गाँव (अंचल उदाकिशुनगंज) के पास ड्रेनेज का पूर्वी किनारा वर्ष 2008 में टूटने के कारण लगभग 500 एकड़ खेत में पानी का फैलाव हो जाता है तथा फणहन गाँव के निकट भी ड्रेनेज टूटा हुआ है जिसके कारण हर वर्ष जल-जमाव से फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ड्रेनेज के टूटे किनारे की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*118. श्री (मो0) तौसीफ आलम --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के कुड़ेली से भाटाबाड़ी होते हुये बहादुरगंज प्रखंड मुख्यालय को जाने वाली सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर स्थिति में है जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुन: निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*119. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के सोनेलाल चौक, सधुवैली से कायमी तक सड़क कच्ची है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*120. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के चकिया-केसरिया पी0डब्लू0डी0 रोड में शितलपुर बाजार से नरदारवा पी0डब्लू0डी0 रोड को जोड़ने के लिये 2 कि0मी0 की पक्की सड़क का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरदारवा नहर पर पुल नहीं बनने से यह सड़क दो भाग में विभक्त हो गया है तथा आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नरदारवा में नहर पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आरक्षण का लाभ देना

*121. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के लाभुकों की श्रेणी में राज्य के अनुसूचित जाति एवं जन-जाति को आरक्षण देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा खतवे, चौपाल तथा ततमा जाति को अनुसूचित जाति तथा लोहार को अनुसूचित जन-जाति की श्रेणी में रखा गया है, फिर भी इन जातियों को आरक्षण के अनुरूप लाभ नहीं दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (2) में वर्णित जातियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटन में आरक्षण का लाभ देने हेतु सरकार कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*122. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के बखरी परिहारा पथ से भवानीपुर होते हुये राटन काली स्थान तक की सड़क जर्जर है, जबकि यह सड़क खगड़िया जिला के ईमली रानी शकरपुरा आदि पंचायतों के लोगों को बखरी बाजार आने-जाने का मुख्य पथ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*123. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड के कसमरा से गिदराही जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजनान्तर्गत निर्मित पथ में गिदराही आदिवासी टोला के निकट धार में पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*124. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के ठाठी से कोरियाही के बीच सड़क नदी के परिमाना घाट पर तथा खुटौना प्रखंड के कुसमार गाँव के पास हुदरा और कुसमार के बीच स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने के कारण 10 हजार एकड़ जमीन में सिंचाई सुविधा नहीं मिलती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*125. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना कैनाल पर निर्मित सड़क इन्द्रपुरी बैराज से पटना तक जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*126. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अंतर्गत रामनगर बेदौल पंचायत के ग्राम हिरौली एवं गाढ़ा पंचायत के ग्राम-गाढ़ा सावजी टोला के सामने अधवारा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण 10 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*127. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के खिरियावाँ पंचायत के बरडीह एवं टिकवास्थान गाँवों के बसावटों में सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के लोगों को कच्ची सड़क से आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बसावटों में सड़क सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*128. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत तैयाबपुर से सोनपुर 11 कि०मी० सड़क MR3054 श्रेणी 01 में है, जो बाढ़ के कारण जर्जर हो गया है, जिससे आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आई०टी०आई० नहीं खुलने का औचित्य

*129. श्री (डॉ०) राजेश कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के मोहम्मदपुर में वित्तीय वर्ष 2016-17 में सरकार द्वारा आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है, यदि हाँ, तो आजतक उक्त आई०टी०आई० कॉलेज नहीं खुलने का क्या औचित्य है ?

--------

कटाव रोधक कार्य कराना

*130. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के एन० एच०-31 डंगराहा पुल से नवाबगंज तक विगत पाँच वर्षों से महानंदा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों में बोल्डर पीचिंग कर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निमाण

*131. डॉ० सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के ग्राम-मैनपुर में एक किलो मीटर सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*132. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान प्रखंड के सरसर पंचायत के ग्राम-सरसर के रोड नं० 1167 से आजाद नगर होते हुये विपुणपुरवा गाँव तक जाने वाली सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मजदूरी का भुगतान

*133. डॉ० मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज एवं तारापुर प्रखंडों के मनरेगा मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान बीते एक वर्ष से नहीं हो रहा है जिससे मजदूरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन मजदूरों के बकाये मजदूरी का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निमाण

*134. डॉ० मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटियाबम्बर प्रखंड में 3 जनवरी, 2015 को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनहरा-गौरवडीह-बनैली पथ से फरसा तक की सड़क का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में फरसा से चम्पाचक के बीच सड़क टूट गयी जिससे दो प्रखंडों को जोड़ने वाली उक्त सड़क से आवागमन बाधित हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त टूटे सड़क का पुनर्निमाण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाद हटाना

*135. श्री तार किशोर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''गाद से महानंदा में पानी की कमी कभी इसके भरोसे होती थी जूट की खेती के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि महानंदा नदी में गाद के जमा होने से प्रवाह बाधित हुआ है, जिससे नदी रास्ता बदलकर आबादी वाले इलाके में प्रवेश कर जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महानंदा नदी से गाद हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*136. श्री श्याम बाबु प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में चकिया प्रखंड के सागर पंचायत अंतर्गत शीतलपट्टी बाजार आर०ई०ओ० रोड से ऊँचाडीह होते हुये रामकरण पकड़ी पी०डब्लू०डी० रोड तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, जबकि यह सड़क 15 से 20 गाँवों को जोड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*137. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड मुख्यालय से भरण टोला होते हुये सिंघिया तक सड़क निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2014-15 में होने के बावजूद उक्त सड़क का निर्माण कार्य अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा माह जून, 2016 में जिलाधिकारी, मधुबनी से अनुरोध किये जाने के पश्चात् भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आउटलेट का निर्माण

*138. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के बड़की चिलमी पंचायत के नीमा गाँव के पास उत्तरी कोयल नहर के आर० डी० नं० 308 के पास आउटलेट नहीं है, जिससे किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आउटलेट बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*139. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के मानकपर पंचायत के ग्राम-राजेपुर से पुलन्दरपुर, रिकेवी होते हुये ग्राम-रंपुरा तक सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों तक संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*140. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत प्रखंड भगवानपुर हाट के पंचायत महम्मदपुर, ग्राम महम्मदपुर के बनकट नहर पर प्रकाश हार्डवेयर के पास नहर पर पुल नहीं रहने के कारण वहाँ की जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के पास नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नहर का पक्कीकरण

*141. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत सकरी नदी से निकलने वाली नहर 1957 में बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त नहर का तटबंध कच्चा रहने से हर वर्ष टूट जाता है तथा नहर भी हर वर्ष मिट्टी से भर जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## अतिक्रमण से मुक्ति

*142. <u>श्री सदानंद सिंह</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के एन० एच० 80 के ग्राम-मिर्जाचौकी से लेकर रमजानीपुर तथा रमजानीपुर गाँव से कहलगाँव होते हुये अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर तक जाने वाली पथ का पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है;

(2) क्या यह सही है कि वर्णित पथ में अवैध अतिक्रमण के कारण पथ संकीर्ण हो गयी है, जिससे सड़क अत्यधिक जाम रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ को अतिक्रमण से मुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का निर्माण

*143. <u>श्री सुदामा प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड के फतेहपुर से कोसडिहरा तक सड़क जर्जर है जिससे सैंकड़ों गाँवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का पक्कीकरण

*144. <u>डॉ० राजेश कुमार</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के एन० एच०'28 से चम्पारण तटबंध होते हुये संग्रामपुर एस० एच० 74 को जाने वाली सड़क कच्ची है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का पक्कीकरण

*145. <u>डॉ० अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड स्थित कांकर बंदा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क में पुलिया के निकट से गम्हरिया होते हुये चरित्तर राम के घर के निकट तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्मित सड़क जर्जर रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## आवास का निर्माण

*146. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज अनुमंडल के पदा0 एवं कर्मियों के आवासीय भवन के निर्माण हेतु जिला राजस्व शाखा ने अपने ज्ञापांक 128/रा0पटना, दिनांक 28 जनवरी, 2017 के द्वारा 2.50 एकड़ भूमि की स्वीकृति एवं अन्य कागजात के साथ भूमि का हस्तांतरण कर दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमि का हस्तांतरण होने के बावजूद अभीतक किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिसके कारण अनुमंडलीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवासन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जिला राजस्व शाखा द्वारा हस्तांतरित भूमि पर पालीगंज अनुमंडल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पुल बनाना

*147. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के करबला चौक, कैरी बीरपुर से कुआड़ी भाया खतिया टोला मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्मित सड़क पर कैरी बीरपुर के निकट अलकट्टा धार पर निर्मित पुल काफी पुराना व जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल के स्थान पर नया उच्चस्तरीय पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पुल का निर्माण

*148. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड से निलाजन नहर के बाली एवं शेरघाटी प्रखंड के रामपुर गाँव के पास मुख्य नहर में पुल नहीं है तथा नहर की चौड़ाई एवं गहराई अधिक है जिससे आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों के पास नहर पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पुल का निर्माण

*149. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-सिंघिया और टेकरार के बीच अधवारा समूह की नदी में बड़पुरा घाट पर पुल नहीं है जिससे आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पक्कीकरण

*150. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखण्ड के ग्राम-लंगड़ी ढेलहरी से रिविलगंज के सोढी नदी बाँध पर 2 कि0मी0 सड़क कच्ची है, जिस पर आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का अधिग्रहण

*151. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखण्ड स्थित पीपरा, सिरनी, मलाही एवं गहरी होते हुये इंगलिश, धिउआ ढाड़, अरेराज, मोतिहारी तक ग्रामीण कार्य की सड़क एस0एच0 से एन0एच0 को जोड़ती है एवं पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने की सारी अर्हता पूरा करता है, परन्तु अभीतक उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे आम-जनता को काफी कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*152. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत डिमाही पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से सिरसिया-भरहरवा होते हुये बराही तक 10 कि0मी0 एवं उसरैना-मनपौर होते हुये विष्णुपुर से फुलवारी-शिवनगर, [illegible] तक 9 कि0मी0 ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर विभाग के मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## एजेंसी का चयन

*153. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के रतुआ घाट पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में प्रारम्भ हुआ था, किन्तु 5 वर्षों के बाद भी उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण कार्य एजेंसी का एकरारनामा एक वर्ष पूर्व रद्द कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के अधूरे कार्य को पूरा करने हेतु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अभीतक कार्य एजेंसी का चयन नहीं किया गया है, फलतः निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ एवं नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण कार्य को पूरा कराने हेतु एजेंसी का चयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*154. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के उमगाँव बाजार जो कि काफी व्यस्तंभ बाजार है, में सड़क का पक्कीकरण नहीं किया हुआ है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*155. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड में सेमरा से बथुआ मुख्य सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*156. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत (बरीयरिया) बढ़ई टोला होते हुये अरेराज आर०डब्लू०डी० पथ तक ग्रामीण कार्य की सड़क जर्जर है, यह सड़क 20 हजार से अधिक अबादी का आवागमन का साधन है परन्तु अभी आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि दो प्रखंडों सहित यह सड़क के एस०एच० को भी जोड़ती है तथा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने की सारी अर्हतायें पूर्ण करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*157. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत मस्तान चौक-बरबट्टा पथ निर्माण विभाग की सड़क के 14वें कि०मी० पर अवस्थित यौधो स्क्रू पाईल पुल काफी पुराना व जर्जर हो गया है, जिसके ऊपर बड़े वाहनों का आना-जाना वर्जित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर स्क्रू पाईल पुल के स्थान पर नया आर०सी०सी० पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## स्लूईस गेट का निर्माण

*158. <u>श्रीमती भागीरथी देवी</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण (बेतिया) जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड के महुई पंचायत में जंगल से सेवराहा नाला में गिरने वाली पानी को रोकने के लिये स्लूईस गेट नहीं है, जिसके फलस्वरूप अधिक पानी आ जाने से पूरे पंचायत एवं आस-पास के पंचायतों में बाढ़ आ जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

## नाला पूर्ण करना

*159. <u>श्रीमती गायत्री देवी</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के कुम्मा-बेला पथ की लम्बाई 21 कि०मी० है जिसका नवीनीकरण कार्य वर्ष 2015-16 में हुआ था, जिसमें नाला का भी निर्माण करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि कुम्मा-बेला पथ के मानीकपुर-मुसहरनियाँ एवं परिहार प्रखंड मुख्यालय में नाला का कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के कुम्मा-बेला पथ के मानिकपुर-मुसहरनियाँ एवं परिहार में आधा-अधूरा नाला को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

=========

## संवेदक पर कार्रवाई

*160. <u>श्री हरि शंकर यादव</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के उशरी ग्राम में गोपाल साह के घर से दिल मोहम्मद के घर तक वर्ष 2016-17 में पी०सी०सी० सड़क का निर्माण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण प्राक्कलन एवं मानक के अनुसार नहीं होने के कारण जगह-जगह टूट गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण की जाँच कराते हुये संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

=========

## पुल का निर्माण

*161. <u>श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिकटियाँ में दुर्गा मंदिर के समीप छपिया माईनर में पुराना पुल जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*162. श्री अजीत शर्मा -क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर स्थित लोहिया पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसके निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल की मरम्मती

*163. श्री अजीत शर्मा- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है भागलपुर जिला के भागलपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत चम्पानाला पुल विगत पाँच वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में इसकी मरम्मती का कार्य प्रारम्भ है, परन्तु कार्य की प्रगति काफी धीमी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीर्ण-शीर्ण चम्पानाला पुल की मरम्मती का कार्य अविलम्ब कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोहरी सम्पर्क प्रदान करना

*164. श्री जय वर्धन यादव- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम दहिया एवं ग्राम परियों को पथ के माध्यम से एकल सम्पर्कता दस साल पूर्व से ही प्रदान की गई है, परन्तु गाँव का आकार लम्बा रहने एवं अंदर की गलियाँ संकीर्ण होने के कारण एक छोर से दूसरे छोर तक आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त संकीर्ण गलियों को दोहरी सम्पर्कता कबतक प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*165. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के माधोपुर कोईर गाँव होते हुये गंगा शिरशिया पुरण छपरा बाजार को जोड़ने वाली 6.5 कि०मी० की पक्की सड़क में मात्र 800 मीटर कच्ची सड़क रह जाने से बरसात के दिनों में यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शेष कच्ची सड़क को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नाला का निर्माण

*166. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखण्ड अन्तर्गत नारायणपुर एवं पवना बाजार जानेवाली सड़क पथ निर्माण विभाग के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार के दोनों तरफ पानी निकासी हेतु नाला नहीं बनाये जाने के कारण सड़क पर जल जमाव से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों से जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---------

## पुलिया का निर्माण

*167. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत कोचगाँव पी०डब्लू०डी० सड़क में पौरा नहर पर पुलिया 1957 ई० में बना था, जो अभी जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया का पुन: निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*168. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के डुमरा बनौरा पंचायत के ननौरा ग्राम में पुरानी बागमती नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*169. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड-बंशी, पंचायत अनुआँ के ग्राम सुरूजमल विगह तक सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुनपुन नदी पर निर्मित पुल धनरई से ग्राम-सुरूजमल विगहा तक सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल बनाना

*170. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के पियारी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं० 10, ए०बी०सी० नहर के 145 आर०डी० पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन एवं कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*171. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के भमड़ा मदरसा से अफजल नगर तक सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का कालीकरण

*172. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखंड के गोतहर से अहिरौली तक एवं शिवसागर-चेनारी एस०एच० पथ से टांड़ी गाँव तक पथ कच्ची रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*173. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड चौसा के कलाशन से फुलपुर फेकरा रही, चंडी स्थान तक जाने वाली पक्की पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल की मरम्मती

*174. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के चातर पंचायत में पी०एम०जी०एस०वाई० पथ के गेमाधार में पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*175. श्रीमती भागीरथी देवी --क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण (बेतिया) जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के भुवनेश्वर चौक पी०डब्लू०डी०

मुख्य पथ से भाया विलासपुर होते हुये लौरिया उप-वितरणी बैकुण्ठपुर के तरफ जाने वाली लगभग 2 कि०मी० सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाला सहित उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पईन की सफाई

*176. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के नगमा पंचायत में नगमा उरैनी पईन की सफाई विगत 40 वर्षों से नहीं होने के कारण बाड़ा, नगमा सहित तीन पंचायतों के किसानों को सिंचाई कार्य में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

गाईडवाल का जीर्णोद्धार

*177. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखंड स्थित कसवा मंदार पंचायत में अगरा नदी का छिलका एवं गाईडवाल जीर्ण-शीर्ण हो चुका है जिससे निकलने वाली नहर में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका एवं गाईडवाल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का चौड़ीकरण

*178. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत चिचवाबाड़ी मोड़ से पोठिया प्रखंड मुख्यालय तक 7 कि०मी० पी०डब्लू०डी० सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*179. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड के गिक्रमपट्टी ग्राम में पुरानी बागमती नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सड़क उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का पक्कीकरण

*180. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के बागी चौक से चौरासी कब्रिस्तान होते हुये बहादुरगंज प्रखण्ड मुख्यालय तक जानेवाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

## पथ की मरम्मती

*181. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखण्ड के के० नगर मुख्यालय से सबूतर जानेवाली पथ जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ श्रेणी 1 (एक) में शामिल है एवं इसकी मरम्मती हेतु वर्ष 2017 में डी०पी०आर० भी मुख्यालय पटना को समर्पित किया जा चुका है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुलिया का निर्माण

*182. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखण्ड के कोठिया ग्राम में चकदहवाँ पुलिया जर्जर है, जिस कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नया पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*183. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी विधान सभा क्षेत्र के पहसारा-नावाकोली पथ के धनामपुर से चक्का तक का सड़क जर्जर है, जबकि यह सड़क पूर्वी पहसाढ़ा, रजाकपुर, चक्का, अकहा आदि गाँवों के लोगों का प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने का मुख्य सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का पक्कीकरण

*184. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के चाँदपुर फतह पंचायत के ग्राम खजनपुरा से मुजफ्फरपुर को जोड़नेवाली सड़क रामचन्द्र ठाकुर के घर के निकट से उत्तर की ओर जानेवाली सड़क भाया प्रा०वि० खजनपुरा होते कालीस्थान तक सिर्फ सोलिंग है, जो जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् कार्य कराना

य29--*185. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, मंगलगढ़ में विद्युत् कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण महिलाओं को प्रसव कार्य हेतु 20 कि०मी० की दूरी तय कर अन्य अस्पताल में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अतिरिक्त स्वस्थ्य केन्द्र, मंगलगढ़ में विद्युत् कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*186. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिमी के देवरिया से धरफरी (पैकेज संख्या बीआर-23 आर-220) पथ का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का पाँच वर्षों तक एनुअल मेंटिनेंस संवेदक को करना था, परन्तु संवेदक को काली सूची में डाल दिये जाने के कारण विगत तीन वर्षों से मेंटिनेंस बंद है, फलस्वरूप पथ जर्जर हो गया है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ निर्माण

*187. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड गोरेयाकोठी के पंचायत मंझवलिया के मझवलिया मोड़ से सुरतापुर जानेवाली पथ जर्जर है, जिससे आवागमन में जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मती

*188. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत के०आर० उच्च विद्यालय, बेतिया से संत जेवियर्स स्कूल, बेतिया होते हुये सोफवा टोला तक सड़क जर्जर एवं बरसात में जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--य 29 ऊर्जा विभाग के ज्ञापांक सं० 471, दिनांक, 16 फरवरी, 2018 द्वारा भवन निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

## सड़क का पक्कीकरण

*189. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड के रतनार बंगला पुल से महादलित टोला होते हुये बरधारा टोला भाया सूर्य मंदिर तक 2 कि०मी० कच्ची सड़क एवं चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा नहर पुल से कचहरी टोला होते हुये भाया कुसुम्ही तक 3 कि०मी० कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कच्ची सड़क के कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध हो जाने पर ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का निर्माण

*190. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड के सिंघिया/हिरणी पी०डब्लू०डी० पथ से भरिहाट हाजी कमरूल के घर से भरिहाट जामा मस्जिद होते हुये बारी कन्या मध्य विद्यालय/आर०ई०ओ० पथ 2 कि०मी० सड़क जर्जर होने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*191. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के घोरहथ-थवई पथ में भुजवाना के पास मदाड़ नदी पर पुल नहीं है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सिल्टेशन की सफाई

*192. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया शहर के समीप से होकर गुजरने वाली चन्द्रावत नदी एवं कोहड़ा नदी में सिल्टेशन के कारण जल स्तर ऊँचा हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के दोनों किनारों पर अतिक्रमण के कारण उसका अस्तित्व खतरे में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये सिल्टेशन की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*193. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के कुम्हरार पंचायत के ग्राम-लहसुरका से तुर्की, मुजफ्फरपुर, सिमान, रैन दाहा चौक तक सड़क के पुरानी बागमती धार में लोहे का पुल जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर लोहे के पुल के स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी कराना

*194. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड लकड़ी नवीगंज के पंचायत खवासपुर में दीघा चँवर एक हजार एकड़ का है जिसमें जल-जमाव के कारण 25 साल से कृषि कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दीघा चँवरी से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*195. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी-तुर्की-सरैया मुख्य पथ से महादलित टोला भाया छाजन, मोहनी उच्च विद्यालय होते हुये एन०एच० 77 अकल्हा तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*196. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित चरैया से मड़वा जाने वाली सड़क के मड़वा अनुसूचित जाति टोला के पास मड़वा धार पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिंग बाँध का निर्माण

*197. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड में सिवैसिंगपुर ग्राम बूढ़ी गंडक नदी के बाये तटबंध के अन्दर बसे होने के कारण नदी के जलस्तर बढ़ने पर जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव की सुरक्षा हेतु रिंग बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिटेनिग बाल बनाना

*198. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड सहार के ग्राम अगहरूआ के आहर में लगभग 1,000 फीट रिटेनिग बाल नहीं होने से किसानों का फसल नष्ट हो जाता है एवं ग्रामीणों का श्मशान जाने का रास्ता अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर में रिटेनिग बाल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*199. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड में कटहाँ कान्ही मठ से भिमलपुर चित्रामनपुर होते हुये गंज चौक आर0डब्लू0डी0 पीच रोड तक जानेवाली सड़क कच्ची है जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*200. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलवार चरैया का भवन निर्माण कार्य वर्ष 1987-88 में बनाना प्रारंभ हुआ और प्लीन्थ तक बनाकर उसे अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला की मरम्मती

*201. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड-महाराजगंज, पंचायत कसदेवरा बंगरा, ग्राम-अकिल टोला में स्टेट बोरिंग विगत 2 वर्षों से खराब है साथ ही पूर्व में जो नाला का निर्माण हुआ है वह जगह-जगह टूट गया है जिससे पटवन का कार्य प्रभावित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर स्टेट बोरिंग चालू कराने एवं नाला की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*202. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के खेशराही पंचायत के फकीरचंद चौक से प्यारेपुर होते हुये भुसाही एवं बोलादम मुजफ्फरपुर सीमा तक लगभग 7 कि0मी0 तक सड़क जर्जर हो चुकी है जिससे आवागमन में आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*203. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत चाँद पट्टी ग्राम में मो0 शहिद के घर से मो0 सदरें आलम के घर तक $1\frac{1}{2}$ कि0मी0 सड़क विगत 9 माह से एवं ग्राम-चाँद पट्टी में मो0 ईसराईल के घर से कंचनीया चौक तक $1\frac{1}{2}$ कि0मी0 सड़क विगत 6 माह से जर्जर रहने के कारण आम-जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*204. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कतरागढ़ से चामुण्डा स्थान होते हुये धनौर जानेवाली सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क मुख्य पर्यटन स्थल कतरा चामुण्डा स्थान मंदिर से जुड़ा हुआ है, जिसपर सालों भर पर्यटक/तीर्थ यात्री आते रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 94-डी0टी0पी0-500